# महापुरुषों की तस्वीर हटवाने पर शिक्षिका निलंबित

## स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में हटाई थी तस्वीरें, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य बनी सीमा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में भारत माता की तस्वीर के साथ ही स्कूल स्टॉफ द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लगाई गई थी। लेकिन कार्यक्रम के बीच में शिक्षिका रश्मि रघुवंशी द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और राष्ट्रपिता की तस्वीर हटवाया गया, जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया और इसके फोटो और वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी द्वारा शिक्षिका के इस कृत्य को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए देश के महापुरुषों का अपमान बताया। जिसके बाद सोमवार को कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जहां स्कूल की प्राचार्य को हटाते हुए, वरिष्टता के आधार पर प्राचार्य का प्रभार सीमा जैन को सौंपा गया। तो वहीं शिक्षिका रश्मि रघुवंशी को निलंबित किया गया है।



### माध्यमिक शिक्षिका रश्मि रघुवंशी निलंबित

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा रश्मि रघुवंशी माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड ईसागढ़ रहेगा। उल्लेखनीय है कि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान रश्मि रघुवशी माध्यमिक शिक्षक द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न भीम राव अंबेडकर की तस्वीर हटवाई गई। जिसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे थे। श्रीमति रघुवंशी द्वारा किया गया उक्त कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उप नियम (1) (2) एवं (3) तहत कदारचरण एवं अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है।

**सीमा जैन को मिला प्राचार्य का प्रभार :** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के प्राचार्य पद का प्रभार सीमा जैन उच्च माध्यमिक शिक्षक के मेडीकल अवकाश से वापिस आने के उपरांत वरिष्ठता के आधार पर विद्यालय के प्राचार्य पद का प्रभार अस्थाई रूप से अन्य आदेश तक सौंपा जाता है। उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई के द्वारा शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. अशोकनगर के प्राचार्य पद का प्रभार तत्समय वरिष्ठता क्रम में सीमा जैन उच्च माध्यमिक शिक्षक के अवकाश पर होने से अल्पना रघुवंशी उच्च माध्यमिक शिक्षक को दिया गया था।

# मुंगावली रेलवे स्टेशन पर मिला अपहृत बालक, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** पगा कर पुलिस की तत्परता से रेलवे स्टेशन पर मिले एक अपहृत बालक को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंपा गया। थाना मुंगावली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अज्ञात बालक रेलवे स्टेशन पर अकेला बैठा है। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक सुरेश रघुवंशी, आरक्षक गोविंद मौर्य,दीपक डावर एवं पवन मीना को मौके पर भेजा गया।

पूछताछ में बालक ने अपना नाम कुनाल पुत्र सचिन देवड़ा उम्र 12 वर्ष, निवासी विधानगर, विरलाग्राम, नागदा जिला उज्जैन बताया। बालक ने पुलिस को बताया कि वह उज्जैन घूमने जाना चाहता था किंतु गलती से बीना की ओर जाने वाली ट्रेन में बैठ गया और मुंगावली स्टेशन पर उतर गया। जांच के दौरान



संबंधित थाना विरलाग्राम/नागदा से संपर्क किया गया, तो जानकारी मिली कि उक्त बालक के अपहरण एवं गुमशुदगी का प्रकरण थाना विरलाग्राम में क्रमांक 0211/25 व 37/25 के अंतर्गत पंजीबद्ध है। इसके बाद थाना विरलाग्राम के आरक्षक मुकेश पटेल बालक के पिता सचिन देवड़ा के साथ मुंगावली पहुंचे।

बालक की शिनाख्त कर उसे विधिवत पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी जोगेन्द्र सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक सुरेश रघुवंशी, आरक्षक गोविंद मौर्य, दीपक डावर एवं पवन मीना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर में



### खादू नरेश के दर्शन के लिए युवक की पदयात्रा जारी, लोग कर रहे स्वागत

**चंदेरी।** बाबा खाटूश्याम की भक्ति का ऐसा जूनून सवार कि भक्त पैदल ही खाटूश्याम के दरबार के दर्शन करने के लिए निकल पड़े। ऐसे ही एक श्रृद्धालु जंडेल सिंह यादव निवासी ग्राम निदानपुर जनपद चंदेरी खाटूश्यामजी दरबार में पैदल ही निकल पड़े। जबकि यहां से खाटूश्याम की दूरी लगभग 670 किलोमीटर दूर है। पदयात्रा का सोमवार को तीसरा दिन है और वह सोमवार को बीजासन देवी कदवाया पहुंच गए हैं। भक्त जंडेल सिंह यादव ने बताया कि मैं प्रतिदिन बीस पच्चीस किलोमीटर की पदयात्रा कर रहा हूं। सिद्ध स्थान पर रात्रि विश्राम होता है मंदिर पर ही खान पान की व्यवस्था हो जाती है। दूसरे दिन प्रात काल से यह पदयात्रा प्रारंभ कर देता हूं। रास्ते में जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है। जंडेल सिंह यादव की खाटूश्याम दरबार की यात्रा का शुभारंभ ग्राम निदानपुर से प्रारंभ की थी जिसमें गांव के ग्रामीण और उनके इष्ट मित्र मौकम सेन, प्रताप सेन, राजपाल लोधी आदि लोगों ने उनकी धार्मिक पदयात्रा पर रवाना किया और पदयात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।



### विहिप ने निकाली प्रभातफेरी

**अशोकनगर।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा सोमवार को स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान नगर प्रखंड में केशव खंड में विश्व हिंदू परिषद् के स्थापना दिवस कार्यक्रम सराफा बाजार, स्थित श्री बड़ा हनुमान मंदिर पर किया गया था। जिसमें श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव, मंगल प्रभात फेरी निकालकर उत्सव मनाया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद् 61 वें स्थापना दिवस पर प्रान्त अर्चक मठ मंदिर प्रमुख ओजस्वी वक्ता डा.दीपक मिश्रा द्वारा उद्बोधन दिया गया। इस दौरान संगठनात्मक चर्चा करते हुए हिन्दू समाज को संगठित रहकर पंचतत्व व्यवहार में लाने का आव्हान किया गया। समस्त हिन्दू समाज को संगठन से जुड़ने का संकल्प दिलाया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अशोक रघुवंशी ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिसमें महिला/पुरुष सहित बडी संख्या रही। कार्यक्रम के दौरान जिला सह दुर्गा वाहिनी संयोजिका मुस्कान रघुवंशी ने कन्हैया जी की बहुत ही सुन्दर बधाई गाकर श्रौताओ को मत्रमुग्ध कर दिया। आभार विश्व हिन्दू परिषद् के दिनेश विरथरे ने किया। इस अवसर पर जिला एकल प्रमुख हरिओम शर्मा,राजीव दुबे, राजेन्द्र दुबे, राजेंद्र यादव, रविन्द्र धाकड़, आशा शर्मा, मनु मिश्रा, द्रोपदी नायक, राजकुमार शर्मा, वीरू बोहरे, सुनील दोहरे सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### युवा संगम कार्यक्रम 29 को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार एवं कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार, उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 29 अगस्त को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में प्रात: 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जायेगा। इसमें प्रदेश की विभिन्न कम्पनियो द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8वीं /10वीं /12वीं /स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते है एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है. उनके हितग्राही को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा।

### नवोदय विद्यायल में प्रवेश 27 तक

**अशोकनगर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरियादेवत में सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 13 अगस्त से बढाकर 27 अगस्त निर्धारित की गई है।

# दो मंजिला इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

## पूर्व विधायक के यहां चल रहा था शटरिंग का कार्य, निर्माणाधीन है बिल्डिंग

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** चंदेरी में सोमवार सुबह एक दुखद हादसे में 33 वर्षीय मजदूर गजराम पुत्र रामचरण अहिरवार की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। यह हादसा नया बस स्टैंड, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी शोरूम के पास पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान की दुकानों के निर्माण स्थल पर हुआ। गजराम, जो रामनगर का निवासी था, पिछले तीन-चार सालों से ठेकेदार हरिओम अहिरवार के साथ मजदूरी का काम कर रहा था।

प्रत्यक्षदर्शी नेतराम अहिरवार ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे वे दूसरी मंजिल पर शटरिंग का काम कर रहे थे। गजराम शटरिंग खोल रहा था, जबकि नेतराम पिलर को पकड़े हुए था। अचानक गजराम टमी सहित नीचे गिर गया। सहकर्मियों ने तुरंत उसे सिविल अस्पताल चंदेरी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत



घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। तो वहीं इस हादसे की खबर परिवार लगी तो उनका रो रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक गजराम के दो छोटे बच्चे हैं, और इस हादसे ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों का कहना है कि गजराम परिवार का एकमात्र कमाने वाला था, और उनकी मौत ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक रूप से तोड़ दिया है।

**पूर्व विधायक के यहा हो रहा था निर्माण कार्य:** निर्माण कार्य पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान की दुकानों और मकान के लिए चल रहा था, जिसका ठेका नई बस्ती निवासी हरिओम अहिरवार को दिया गया था। गजराम इस ठेकेदार के साथ लंबे समय से काम कर रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि चंदेरी में निर्माण कार्य के दौरान यह दूसरी घटना है। कुछ समय पहले भी एक युवक को शटरिंग के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी, जिसके बाद परिजनों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था।

**हादसे ने उठाए सुरक्षा पर सवाल:** निर्माण स्थलों पर सुरक्षा उपायों की कमी को फिर से उजागर किया है। स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का कहना है कि ठेकेदारों को निर्माण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिए, ताकि हादसों की सटीक जानकारी मिल सके और जिम्मेदारी तय की जा सके। अक्सर ऐसी घटनाओं के बाद ठेकेदार और मालिक एक-दूसरे पर दोष मढ़ते हैं, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय और मुआवजा मिलने में देरी होती है।



# माटी के गणेश, सिद्ध गणेश का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखंड द्वारा सक्रीकरण बैठक सह प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद की सक्रिय प्रस्फुटन समितियां ,विकासखंड प्रेरक व सेक्टर प्रेरक को रविवार शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में प्रशिक्षण दिया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत चंदन का तिलक कर तथा पौधों देखकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र भारद्वाज अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय नेहरू महाविद्यालय ने बताया कि जन अभियान परिषद बहुत अच्छा कार्य कर रहा है माटी गणेश ,सिद्ध गणेश बहुत अच्छी पहल। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सबको आगे आना पड़ेगा। डॉ. अशोक लोधी ने भी पर्यावरण बचाने के लिए मिट्टी के गणेश बनाने का आह्वान किया। समाजसेवी राजकुमार यादव आदि मौजूद थे।



### जैन मिलन शाखा बहादुरपुर हुए सम्मानित

**बहादुरपुर।** जैन मिलन शाखा बहादुरपुर को उसके द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो को लेकर सम्मानित किया गया। इसके लिए जैन मिलन राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन, निर्मल मिर्ची (राष्ट्रीय संयोजक) , धन्नू बड़कुल (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ),मनीष सिंघई (शाखा संयोजक )ने जैन मिलन बहादुरपुर के कार्यालय पर पहुंचे और जैन मिलन शाखा बहादुरपुर एवं जैन समाज के पदाधिकारियों का बहादुरपुर मै हो रहे समस्त सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए सम्मानित किया एवं आगामी कार्यक्रमों एवं जरूरत मंद लोगों, की मदद के लिए संबोधित किया एवं पर्वराज पर्युषण पर जैन मिलन की और से होने वाले कार्यक्रमों के बारे में समझाया । वहीं परम पूज्य मुनि पुण्ग सुधासागर महाराज के मंगल सानिध्य में अशोकनगर मै 24 अगस्त को होने वाले तीर्थ रक्षा सम्मेलन मै बहादुरपुर की पूरी टीम एवं समाज को आमंत्रित किया । इस मौके पर जैन समाज अध्यक्ष श्रेयांश जैन, सौरभ जैन, नीरज मोदी, जितेंद्र बरया,अमित बंट,संजीव जैन ,इलू जैन, हर्ष जैन, सौरभ चौधरी, दिलीप बरया ,प्रवीण जैन आदि मौजूद थे।

# साइकिल पाकर खुश नजर आए विद्यार्थी, राह बनेगी आसान

## क्षेत्रीय विधायक जगन्नाथ सिंह ने बच्चों का वितरित की निशुल्क साइकिल, 151 विद्यार्थी हुए लाभांवित

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** राज्य शासन की योजना के अनुसार विकासखंड चंदेरी अंतर्गत विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 6 और 9 के पात्र छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे और उन्हें विद्यार्थीयों को साईकिल वितरण की। तो वहींसाईकिल पाकर विद्यार्थी खुश नजर आए। साथ ही इन साईकिलों के माध्यम से उनकी राह अब आसन होगी और वह समय पर स्कूल पहुंचेगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री रघुवंशी ने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जो बच्चे गरीबी में संघर्ष करते हैं उनका भविष्य सुखमय होता है। अपने संबोधन के पश्चात विधायक



के द्वारा हितग्राही छात्रों को तिलक लगाकर माल्यार्पण करके, साइकिल भेंट की गई। वहीं अपनी-अपनी साइकिल पाकर विद्यार्थी प्रसन्नचित होकर साइकिल में पैडल मारते हुए अपने घरों की ओर गए। साइकिल मेले में हाई स्कूल अमरोद, माध्यमिक विद्यालय हसारी, तगारी, बांकलपुर, पिपरौद, मोहनपुर, चिमला, नयाखेड़ा, विक्रमपुर, डुंगासरा, मीठाखेड़ा, छपरा आदि ग्रामों के कक्षा 6 और कक्षा 9 के उपस्थित पात्र 151 छात्रों को साइकिलों का वितरण किया गया। जिसमें कक्षा 6 के 63 बालक और 46 बालिकाओं को कुल 109 साइकिल, इसी प्रकार कक्षा 9 में अध्यनरत 19 बालकों को और 23 बालिकाओं सहित कुल 42 विद्यार्थियों को साइकिल दी गई। साइकिल वितरण के पश्चात् विधायक के द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि संजीव चौबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश तिवारी, बीआरसीसी वेद प्रकाश गोयल, साइकिल वितरण प्रभारी राम सिंह लोधी, साइकिल वितरण सहायक गयाप्रसाद अहिरवार, हुकुम लाल सिमरैया, नितेश तिवारी, सुरेश रावत, अमित दुबे,बीएसी अशोक ओझा, गोधन सिंह नरवरिया, धर्मपाल सिंह बुंदेला, जितेंद्र रैंकवार, जनशिक्षक परमाल सिंह कौशिक, बलराम शर्मा, कैलाश कोली, प्राथमिक विद्यालय हरकुंड के विद्यालय प्रमुख राकेश श्रोत्रिय, दिनेश सोनी दीपक जैन, शाकिरा बानो, सबोदरा बाई आदि उपस्थित रहे।

**उद्घाटन** | **कलेक्टर के निर्देश पर जिला अस्पताल में बनाए गए अलग-अलग पंजीयन केंद्र**

# नपाध्यक्ष ने फीता काटकर पंजीयन काउंटर का किया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। जिला चिकित्सालय अशोकनगर में नवीन बाह्य रोगी एवं अंत: रोगी पंजीयन केंद्र का सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। नवनिर्मित पंजीयन केन्द्रों के शुभारंभ के साथ ही दिव्यांग एवं वृद्धजन पंजीयन, गर्भवती महिला पंजीयन, महिला पंजीयन एवं पुरुष पंजीयन हेतु पृथक-पृथक 4 काउंटर संचालित होंगें। जिससे बाह्य रोगी मरीजों का पंजीयन सुगमतापूर्वक किया जा सकेगा।**

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान प्रथम बाह्य रोगी पंजीयन गर्भवती महिला के रूप में राजनीता अहिरवार पत्नि निरंजन अहिरवार उम्र 29 वर्ष निवासी राजपुर एवं दिव्यांग रोगी के रूप में कमल सिंह पुत्र



नारायण सिंह लोधी उम्र 63 वर्ष निवासी केशलोन का पंजीयन किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय के निरंतर भ्रमण के दौरान पाया गया था कि मरीजों द्वारा पंजीयन के लिए काफी लंबी कतारें लगानी पड़ती थी। जिससे मरीजों को काफी असुविधा होती थी। कलेक्टर द्वारा सिविल सर्जन को पृथक-पृथक काऊंटर बनाये जाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के विशेष प्रयासों से जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बिना किसी असुविधा के समय पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही मरीजों को लंबी-लंबी कतारों में न लगना पड़ेगा। इस हेतु जिला चिकित्सालय अशोकनगर में नवीन बाह्य रोगी एवं अंत: रोगी पंजीयन केंद्र बनाये गये है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत एवं डॉ. बीएल टैगोर, आरएमओ सहित जिला चिकित्सालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

### पेंशन हितग्राहियों को समग्र आधार ई-केवायसी कराना अनिवार्य

**अशोकनगर।** जिले में पेंशन हितग्राहियो की ई-केवायसी कराये जाने हेतु शासन निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत ऐसे पेंशन हितग्राही जिनकी आज दिनांक तक आधार ई-केवायसी नहीं हुई है, जिनकी संख्या 2,647 है। शासन द्वारा लंबित पेंशन हितग्राहियों की आधार ई-केवायसी कराये जाने हेतु 31 अगस्तद 2025 तक समय-सीमा निर्धारित की गई है। ऐसे पेंशन हितग्राही जिनकी आज दिनांक तक आधार ई-केवायसी नहीं हुई है वह अपने वार्ड/ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर 31 अगस्तह 2025 तक आधार ई-केवायसी करा लेवें। जिनकी आधार ई-केवायसी निर्धारित समय-सीमा में नहीं होगी उनकी पेंशन होल्ड कर दी जायेगी। यदि किसी हितग्राही द्वारा पेंशन चालू किये जाने की मांग की जाती है।